आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार                                                    दिनांक 21.12.2025

मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, सरकार संसद के अगले सत्र में नकली उर्वरकों और कीटनाशकों के खिलाफ विधेयक लाएगी।

2— प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत छत्तीसगढ़ को खरीफ सीजन में दलहन—तिलहन उपार्जन के लिए चार सौ पच्चीस करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति।

3— केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा दस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत किया।

और

4— पल्स पोलियो अभियान के तहत आज प्रदेशभर में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक—छूटे हुए बच्चों को कल और परसों घर—घर जाकर पिलाई जाएगी दवा।

...........

<u>शिवराज सिंह चौहान—विधेयक</u>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार, नकली उर्वरकों और कीटनाशकों से निपटने के लिए संसद के अगले सत्र में एक विधेयक लाएगी। नई दिल्ली में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने भ्रामक टैग के साथ नकली उर्वरकों और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता प्रकट की। श्री

चौहान ने कहा कि बेईमान कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि विकसित भारत – जी राम जी योजना न केवल किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी है, बल्कि गांवों के विकास से भी हर तरह से जुड़ा हुआ है।

विकसित भारत जी राम जी योजना मनरेगा के आगे का कदम है। मजदूर भाइयों 100 दिन की नहीं अब एक सौ 25 दिन काम की गारंटी है कानूनी गारंटी है। और काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया है। मजदूरी अगर देर से मिली तो अतिरिक्ष्त राशि देने का प्रावधान है और दूसरी तरफ एक विशाल धनराशि जो प्रस्ष्तावित इसी साल है। वो है एक लाख 51 हजार 282 करोड रुपए से भी ज्यादा ताकि रोजगार देने के लिए पर्याप्त पैसा हो और उस पैसे से गांव का संपूर्ण विकास हो।

मुख्यमंत्री–वीबी–जी राम जी योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि विकसित भारत – जी राम जी योजना गरीबों, श्रमिकों और मजदूर वर्ग को सशक्त बनाने वाला केवल एक कानून का मसौदा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, भरोसे और पारदर्शिता का एक मजबूत संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब और मजदूर वर्ग के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा के लिए एक आधुनिक ढांचा तैयार करती है।

शहरी विकास मंत्री–क्षेत्रीय बैठक

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव भोपाल में आयोजित उत्तर–मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में मिशन अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंगीकार अभियान और अर्बन मोबिलिटी परियोजनाओं के

क्रियान्वयन तथा आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इन योजनाओं की प्रगति की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

बैठक में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधिकारियों ने राज्य को मिशन अमृत की अगली किस्त की राशि जल्द जारी करने की बात कही।

पीएम आशा–राशि स्वीकृत

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान–पीएम आशा के तहत छत्तीसगढ़ को दलहन और तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन की अनुमति मिल गई है। इसके लिए केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को खरीफ सीजन में दलहन–तिलहन उपार्जन के लिए चार सौ पच्चीस करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इसके तहत अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन और मूंगफली का उपार्जन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन–तिलहन का उपार्जन किसानों के हित में बड़ा फैसला है। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और आय में वृद्धि होगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केन्द्र सरकार को खरीफ और रबी सीजन के लिए एक लाख बाईस हजार मीटरिक टन दलहन–तिलहन उपार्जन का प्रस्ताव भेजा था। केंद्र सरकार ने मांग बढ़ने पर सोयाबीन और मूंगफली के लिए अतिरिक्त स्वीकृति देने का आश्वासन भी दिया है।

जेपी नड्डा–जांजगीर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल बाईस दिसंबर को जांजगीर–चांपा जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री नड्डा जांजगीर के पुलिस मैदान में राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित 'जनादेश परब' कार्यक्रम में शामिल होंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और

शिलान्यास भी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह के अलावा पार्टी के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियों और सफलता पर केंद्रित होगा।

गृह मंत्रालय–अग्निवीर

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा दस प्रतिशत से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिया है। पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट मिलेगी, जबकि शेष पूर्व अग्निवीरों को तीन वर्ष की छूट मिलेगी। अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी।

अधिसूचना में कहा गया है कि प्रत्येक भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी। पूर्व सैनिकों के लिए दस प्रतिशत और ट्रेड्समैन के लिए तीन प्रतिशत तक रिक्तियां आरक्षित रहेंगी।

मुख्यमंत्री–छत्तीसगढ़ फिल्मों के सफर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित ″छत्तीसगढ़ी फिल्मों का सफर″ कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा की विकास यात्रा और उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा आज एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ी फिल्में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की संस्कृति, कला और पहचान को और अधिक सशक्त रूप में स्थापित करेंगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा हमारी लोक

संस्कृति और अस्मिता का जीवंत दस्तावेज है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि प्रदेश में छालीवुड का भविष्य स्वर्णिम है और फिल्म उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले निर्माताओं और वरिष्ठ कलाकारों को सम्मानित किया।

मोहला मानपुर–विवाद

मोहला–मानपुर जिले के सीतागांव में वन भूमि पर बने मकानों को तोड़ने पहुंची राजस्व और वन विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों का विवाद हो गया। विवाद के बाद आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण भी सीतागांव पहुंच गए। तनाव को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, एसडीएम, तहसीलदार और वन विभाग के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

वन विभाग के अधिकारी दिनेश पटेल ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की गई, जिसमें उन मकानों को नहीं तोड़ने पर सहमति बनी, जिसमें ग्रामीण रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेत घेरकर बाड़ियों में किए गए अतिरिक्त कब्जे को हटाया गया है। कब्जेधारियों को मकान खाली करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

गौरतलब है कि वन विभाग ने पहले ही करीब एक दर्जन मकानों को तोड़ने का नोटिस जारी किया था। ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर राजस्व और वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की।

जवान–मौत

नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर के अंतर्गत कड़ेनार कैम्प में दुर्घटनावश गोली चलने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवान बलदेव सिंह हुर्रा की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी की टीम

छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में तलाशी अभियान पर निकली थी। लौटते समय दुर्घटनावश जवान की बंदूक से चली गोली उसके ही सिर पर जा लगी। घायल जवान को तत्काल धौड़ाई अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पल्स पोलियो अभियान

पल्स पोलियो अभियान के तहत आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी गई। जो बच्चे आज पोलियो की दवा पीने से छूट गए, उन्हें कल और परसों यानी बाईस और तेईस दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर–घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएगी।

## भाकपा–शताब्दी वर्ष

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–भाकपा के स्थापना के सौ साल छब्बीस दिसंबर को पूरे होंगे। इस अवसर पर पार्टी, छत्तीसगढ़ सहित देशभर में शताब्दी वर्ष मना रही है। इसी कड़ी में पार्टी की ओर से जगदलपुर में एक रैली निकाली गई, जिसमें बस्तर संभाग के अलावा राष्ट्रीय स्तर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## ''कैरा वैन फेस्ट''

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा कल बाईस दिसंबर को रायपुर में ''कैरा वैन फेस्ट'' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ''अ शार्ट जर्नी इन टू द हार्ट ऑफ छत्तीसगढ़'' की थीम पर होगा। इस कार्यक्रम में लोगों को एडवेंचर, नेचर और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। कैरा वैन फेस्ट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को कैरा वैन टूरिज्म, कैंपिंग और अनुभवात्मक यात्रा के एक नए और आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>